PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Amar Ujala, Delhi
Sun, 04 Jun 2017, Page 1
Width: 32.44 cms, Height: 30.16 cms, a3r, Ref: 16.2017-06-04.9

अलगाववादियों के ठिकानों से मिले टेरर फंडिंग के सबूत

एनआईए के दिल्ली, हरियाणा, कश्मीर में 29 जगह छापे, हिजबुल-लश्कर के लेटरहेड मिले

अमर उजाला ब्यूरो

श्रीनगर/ नई दिल्ली।

कश्मीर में अलगाववादियों को मिल रही विदेशी मदद की जांच के तहत राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर सहित दिल्ली और हरियाणा के 29 ठिकानों पर छापेमारी की। इसमें पाक समर्थित हिजबुल मुजाहिदीन और लश्कर-ए-ताइबा जैसे आतंकी संगठनों के लेटरहेड, लैपटॉप व पेन ड्राइव्स के अलावा सोने के 85 सिक्के, गहने और 2 करोड़ रुपये बरामद हुए हैं।

एनआईए ने कट्टरपंथी अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी के दामाद अल्ताफ फंटूश, कारोबारी जहूर वटाली, मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाली अवामी एक्शन कमेटी के नेता शाहिद उल इस्लाम व हुर्रियत कांफ्रेंस तथा जेकेएलएफ से जुड़े कुछ अन्य अलगाववादी नेताओं के ठिकानों पर छापेमारी की। श्रीनगर के बाहरी इलाके हुमहामा में बनाए गए एनआईए के कैंप कार्यालय से तड़के करीब 5 बजे से भारी सुरक्षा बंदोबस्त के साथ एनआईए की टीमों का निकलना शुरू हुआ। सबसे पहला छापा नौगाम में करीब 5:45 बजे पड़ा। छापेमारी कश्मीरी अलगाववादी नेताओं व हवाला ऑपरेटरों के ठिकानों पर की गई जिसमें टेरर फंडिंग के लिए अलगाववादियों के साथ पाक नेटवर्क व हवाला कारोबारियों की साठगांठ का बड़ा खुलासा हुआ है। एनआईए ने शुक्रवार शाम को एफआईआर दर्ज की थी। जिन अलगाववादियों के घरों पर एनआईए ने छापेमारी की, उनमें जावेद गाजी बाबा, बिट्टा कराटे, नईम खान, शाहिदुल इस्लाम, मेहराज कल्वाल, जफर अकबर भट, राजा जहूर, अयाज अकबर भट आदि शामिल हैं। >> शब्बीर शाह को ईडी का समन : पेज 14

कश्मीर में उपद्रव के लिए पाक की ओर से फंडिंग और हवाला नेटवर्क का खुलासा

लैपटॉप, पेन ड्राइव, सोने के 85 सिक्के, 2 करोड़ रुपये बरामद

गिलानी से भी हो सकती है पूछताछ

एफआईआर में हालांकि किसी अलगाववादी नेता का नाम नहीं है लेकिन जांच एजेंसी जल्द ही मौजूदा आरोपियों के साथ बिठाकर सैयद अली शाह गिलानी से पूछताछ कर सकती है।

एफआईआर में हाफिज सईद का भी नाम

एफआईआर में गिलानी और मीरवाइज उमर फारूक के अलग-अलग धड़ों वाली हुर्रियत कांफ्रेंस, हिजबुल मुजाहिदीन, दुख्तरान-ए-मिल्लत और लश्कर-ए-ताइबा तथा आतंकी हाफिज सईद के नाम हैं।